मेरी फरियाद सुन मोहन | by Rajan Mor

मेरी फरियाद सुन मोहन
तेरे दर आया दीवाना
मन की मुरादें पूरी कर
सिवा तेरे ना कोई ठिकाना
मेरी फरियाद सुन मोहन..........

कैसे मनाऊं तुझको कन्हैया
जानू ना तेरी पूजा
तुझपे अर्पण जीवन मेरा
तुझ बिन ना कोई दूजा
मेरी विनती सुन ठाकुर
है हँसता सारा ज़माना
मेरी फरियाद सुन मोहन..........

सच्चे मन से आया सांवरिया
दर्शन करने मैं तेरा
इतना दिया है तूने हमको
दर ये भूलू ना तेरा
ये राजा गोहेर मांगे प्रभु
चरण धूलि का नज़राना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ab%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%a6-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b9%e0%a4%a8-by-rajan-mor/